# वित्तीय सेवा संस्था ब्यूरो
# FINANCIAL SERVICES INSTITUTIONS BUREAU

निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है

**केनरा बैंक**
**में**
**प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

वित्तीय सेवा संस्था ब्यूरो द्वारा केनरा बैंक में पूर्ण कालिक आधार पर प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) के पद हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस पद के लिए 23 जून 2025 को प्रकाशित पहले के विज्ञापन को निरस्त किया जाता है। जिन अभ्यर्थियों ने पहले आवेदन किए थे, उन्हें पात्रता मानदंडों और अन्य शर्तों के बारे में स्वयं को संतुष्ट कर नए आवेदन प्रस्तुत करने होंगे।

ऐसे इच्छुक उम्मीदवार जो पात्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं वे इसके लिए ऑनलाइन आवेदन https://fsib.org.in/ पर कर सकते हैं।

अथवा सीधे https://www.research.net/r/canarabankmdceo-re2025 लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**ऑनलाइन पूर्ण किए हुए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 20 नवंबर, 2025 को भारतीय मानक समय के अनुसार सायं 5:00 बजे तक है।** उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि वे निर्धारित योग्यता मानदंडों को पूरा करते हैं। विज्ञापन में निम्नलिखित विवरण हैं :

| खंड | खंड का शीर्षक | खंड में दिए गए विवरण |
|---|---|---|
| ए | कार्य की प्रोफाइल और सक्षमता /अपेक्षित योग्यता | एमडी एवं सीईओ के पद हेतु भूमिका का विवरण और इस भूमिका के निष्पादन हेतु अपेक्षित सक्षमता / कौशल का विवरण दिया गया है। |
| बी | पात्रता मानदंड | पात्रता संबंधी विवरण जैसे कि आयु और आवश्यक अनुभव के विवरण दिए गए हैं। |
| सी | कार्यकाल और पारिश्रमिक | कार्यकाल और पारिश्रमिक के विवरण दिए गए हैं। |
| डी | चयन पद्धति | चयन पद्धति का सारांश दिया गया है। |
| ई | आवेदन हेतु दिशानिर्देश | आवेदन प्रस्तुत करने के बार में दिशानिर्देश और अन्य सामान्य अनुदेश दिए गए हैं। |

## ए. कार्य की प्रोफाइल और सक्षमता / अपेक्षित योग्यता

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) निदेशक बोर्ड के सदस्य हैं और साथ ही निदेशक बोर्ड को रिपोर्ट भी करते हैं तथा बैंक के समग्र रणनीतिक और परिचालनगत कार्यनिष्पादन एवं बैंक के संवृद्धि और लाभदेयता कार्यसूची की उपलब्धियों के लिए जिम्मेदार होते हैं। सीईओ के तौर पर वे बैंक के दैनिक कार्यचालन हेतु भी जिम्मेदार होते हैं।

मुख्य कार्यपालक निदेशक के दायरे में बोर्ड द्वारा निर्धारित नीतिगत व्यवस्था के भीतर रहते हुए और उसके घोषित उद्देश्यों को पूरा करने में संस्थान के प्रभावी प्रबंधन की जिम्मेदारी भी है। यह कार्यपालक की जिम्मेदारी है जिसका सारांश निम्नलिखित मुख्य मदों में दिया जा रहा है :

**कर्तव्य और दायित्व :**

**(i) निदेशक बोर्ड के परामर्श से दृष्टिकोण, उद्देश्य और मूल्यों की स्थापना करना**

- वर्तमान परिचालनों और भावी विकास हेतु मार्गदर्शन और गति निर्धारित करने के लिए बैंक के दृष्टिकोण और उद्देश्य को निर्धारित करना।
- समस्त संस्थान में प्रचारित किये जाने वाले मूल्यों को निर्धारित करना।
- संस्थान के लक्ष्यों का निर्धारण और समीक्षा करना।
- बैंक की नीतियों का निर्धारण करना।

**(ii) रणनीति और संरचना तय करना**

- वर्तमान और भावी अवसरों, बाहरी परिवेश में खतरों और जोखिमों, संस्थान की भावी सुद्दढ़ताओं, कमजोरियों और जोखिमों की समीक्षा और मूल्यांकन करना।
- रणनीतिगत विकल्पों का निर्धारण करना, अपनाए जाने वाले विकल्पों का चयन करना और इनके कार्यान्वयन और समर्थन हेतु साधनों के बारे में निर्णय करना।
- कारोबारी रणनीति और योजनाओं का निर्धारण करना जो कार्पोरेट रणनीति को सहारा दे।
- संस्थागत संरचना और क्षमताएं चुनी गई रणनीतियों के कार्यान्वयन हेतु समुचित होना सुनिश्चित करना।

**(iii) निगरानी और नियंत्रण करना**

- प्रबंधनतंत्र को प्राधिकार देना, और नीतियों, रणनीतियों और कारोबारी योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी और मूल्यांकन करना।

- बोर्ड द्वारा प्रयोग किए जाने वाले निगरानी मानदंडों का निर्धारण करना।
- आंतरिक नियंत्रण का प्रभावकारी होना सुनिश्चित करना।
- वरिष्ठ प्रबंधनतंत्र के साथ बातचीत करना।

**(iv) शेयरधारकों के प्रति उत्तरदायित्व और हिस्सेदारों के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन**

- शेयरधारकों और अन्य हिस्सेदारों के हितों को समझना और उसे ध्यान में रखना।
- समुचित जानकारी एकत्र और उसका मूल्यांकन करके शेयरधारकों और अन्य हिस्सेदारों के साथ संबंधों की निगरानी करना।
- शेयरधारकों और अन्य हिस्सेदारों की सद्भावना और समर्थन को बढ़ावा देना।
- यह सुनिश्चित करने का दायित्व कि उचित लेखा-बहियों को रखा जाता है।
- ईमानदारी से बैंक के सर्वोत्तम हित में विश्वास के साथ कार्य करना, न कि किसी आनुषंगिक प्रयोजन के लिए।
- उचित कौशल और सावधानी के साथ कार्य करना।
- बैंक के कर्मचारियों के हितों पर विचार करना।
- बोर्ड और प्रबंधनतंत्र के दायित्वों को स्पष्ट करना।
- बोर्ड और बोर्ड-समिति की बैठकों को योजना बनाना और प्रबंधन करना।
- बोर्ड की प्रभावशीलता को विकसित करना।

बोर्ड द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कोई भी अन्य दायित्व/कर्तव्य पूरा करना।

## बी. पात्रता मानदंड

1. **आयु** : इस पद हेतु रिक्ति की तारीख अर्थात 1 जनवरी 2026 को आवेदक की न्यूनतम आयु 45 वर्ष होनी चाहिए और 3 वर्ष की सेवा[1] (60 वर्ष को अधिवर्षिता की तारीख मानते हुए) बची होनी चाहिए।

2. **शैक्षणिक अर्हताएं** : आवेदक के पास भारत में केन्द्र अथवा राज्य विधानमंडल के अधिनियम के अधीन गठित किसी भी विश्वविद्यालय अथवा संसद के अधिनियम से स्थापित किसी अन्य शैक्षिक संस्थान अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अधीन मानद विश्वविद्यालय के रूप में घोषित किसी संस्थान से स्नातक की उपाधि अथवा इसके समकक्ष अर्हता होनी चाहिए।

3. **अनुभव / सेवा अपेक्षाएं** (पद हेतु रिक्ति की तारीख अर्थात 1 जनवरी 2026 को) :

[1] पैरा बी (3) (ख) (iii) के अधीन पात्र अभ्यर्थियों के लिए शेष बची सेवा के मानदंड अलग हैं।



+91-22-2302 8454 secretariat@fsib.org.in https://fsib.org.in @FSI_Bureau

क) **निजी क्षेत्र के अभ्यर्थियों हेतु** – आवेदक के पास न्यूनतम 21 वर्ष का अनुभव होना चाहिए, जिसमें से निम्नानुसार अनुभव सहित 15 वर्ष का बैंकिंग अनुभव होना चाहिए –

i. बैंक में बैंक के बोर्ड स्तर पर न्यूनतम 2 वर्ष, अथवा

ii. बैंक बोर्ड से नीचे उच्चतम स्तर पर न्यूनतम 3 वर्ष (यह पद मूल रूप से धारित होना चाहिए)।

ख) **केवल सरकारी क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए –** आवेदक के पास निम्नानुसार अनुभव सहित बैंकिंग में 21 वर्ष का अनुभव होना चाहिए –

i. भारतीय स्टेट बैंक में उप प्रबंध निदेशक (डीएमडी) जिसमें डीएमडी के रूप में न्यूनतम एक वर्ष की सेवा होनी चाहिए, अथवा

ii. कार्यपालक निदेशक के रूप में न्यूनतम एक वर्ष की सेवा सहित राष्ट्रीयकृत बैंकों के कार्यपालक निदेशक (ईडी), अथवा

iii. किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के एमडी और सीईओ जिसमें वर्तमान पोस्टिंग पर न्यूनतम एक वर्ष की सेवा एमडी और सीईओ के रूप में हो और 2 वर्ष के सेवा शेष बची हो (60 वर्ष को अधिवर्षिता की तारीख के रूप में मानते हुए), अथवा

iv. केनरा बैंक के सीवीओ के अलावा सरकारी क्षेत्र के किसी भी बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ)।

4. **दंड :**

सरकारी क्षेत्र के बैंकों से वे अभ्यर्थी जिनके कैरियर में दो या अधिक प्रमुख दंड लगाए गए हों, इस पद हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

## सी. कार्यकाल एवं पारिश्रमिक

इस पद के लिए कार्य की अवधि राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 और 1980 के अनुच्छेद 8(1) के अनुसार रहेगी और अधिवर्षिता की आयु 60 वर्ष रहेगी।

केनरा बैंक के एमडी एवं सीईओ के पद के लिए वेतनमान ₹2,05,400 - ₹2,24,400/- [स्तर 16] और समय-समय पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मुख्य कार्यकारी के लिए स्वीकार्य भत्ते हैं।

## डी. चयन पद्धति

शॉर्टलिस्टिंग और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों को अनुभव और पात्रता की स्थितियों के आधार पर जांचते हुए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। अभ्यर्थी का अंतिम चयन वित्तीय सेवा संस्था ब्यूरो (एफएसआईबी) द्वारा किया जाएगा।

## ई. आवेदन हेतु गाइडलाइन

### 1. आवेदन पद्धति

सभी आवेदकों से अपेक्षित है कि वे अपने कागजात की स्कैन की हुई प्रतियां और अपने विवरण **केवल ऑनलाइन** प्रस्तुत करते हुए आवेदन करें। इसके लिए एफएसआईबी की वेबसाइट https://fsib.org.in/ पर "Vacancies & Recommendations" की टैब पर लिंक उपलब्ध है अथवा सीधे https://www.research.net/r/canarabankmdceo-re2025 पर क्लिक करके आवेदन कर सकते हैं।

*कृपया एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत न करें। यदि एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत किए जाते हैं तो प्रस्तुति की तारीख/समय के आधार पर केवल अंतिम प्रस्तुत आवेदन पर ही विचार किया जाएगा। ऐसे मामलों में पहले से अपलोड किए गए कागजात या प्रस्तुत आवेदनों के किसी भी भाग पर विचार नहीं किया जाएगा।*

### 2. दस्तावेज

निम्नलिखित दस्तावेजों को संबंधित खंडों के तहत ऑनलाइन आवेदन पत्र में अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाना चाहिए, ऐसा न करने पर आवेदन अधूरा माना जाएगा और खारिज कर दिया जाएगा:

i) सारवृत्त केवल आवेदन पत्र में दिए गए प्रारूप में (अनुलग्नक 1)।

ii) उम्मीदवार की सतर्कता प्रोफाइल के बारे में स्व-घोषणा (अनुलग्नक 2)।

iii) सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालयों / सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों (सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित) में सेवारत उम्मीदवारों से अपेक्षित है कि वे अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' लेकर अपलोड करें।

उपरोक्त दस्तावेजों के साथ में निम्नलिखित मूल-दस्तावेजों की मांग एफएसआईबी द्वारा की जा सकती है, इन्हें तैयार रखा जाए।

iv) फोटोयुक्त पहचान प्रमाण यथा – पासपोर्ट / आधार / ई-आधार कार्ड/ पैन कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेन्स/ मतदाता कार्ड।

v) शैक्षिक अर्हताओं हेतु अंक तालिकाएं और प्रमाणपत्र।

vi) कार्य-अनुभव : प्रलेखी साक्ष्य यथा विगत और वर्तमान नियोक्ताओं से अनुभव प्रमाणपत्र, नियुक्ति पत्र, कार्यभार मुक्ति पत्र, भुगतान या वेतन पर्चियां ताकि कार्यग्रहण करने और कार्यमुक्त किए जाने की तारीख, कार्यग्रहण करते समय पदनाम, पदनाम सहित पदोन्नति की तारीख, यदि कोई हों, का सत्यापन किया जा सके।

vii) पात्रता के समर्थन में कोई अन्य संबंधित दस्तावेज।

## 3. कदाचार का दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई

उम्मीदवारों को उनके हित में बताया जाता है कि वे आवेदन फार्म भरते समय और प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करते हुए कोई ऐसा विवरण/ ब्यौरा/ जानकारी या अभिकथन नहीं दें जो मिथ्या, गलत, हेरफेर किया हुआ, बनावटी हो अथवा किसी भी प्रमुख जानकारी को छिपाएं या अप्रकट करें। यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार ऊपर बताए गए किसी भी क्रियाकलाप में संलिप्त है तो उसे न केवल अयोग्य किया जाएगा बल्कि वह केनरा बैंक की सेवा से किसी भी समय बर्खास्त किए जाने का भी पात्र होगा, भले ही उसका चयन हो गया हो और उसने केनरा बैंक की सेवा में कार्यभार ग्रहण कर लिया हो। साक्षात्कार के समय यदि किसी भी उम्मीदवार को निम्नलिखित का दोषी पाया जाता है (या दोषी पाया गया है):

i) चयन प्रक्रिया के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करने, या

ii) किसी अन्य व्यक्ति का रूप-धारण करने या किसी अन्य व्यक्ति को अपने रूप में प्रस्तुत करने, या

iii) व्यक्तिगत साक्षात्कार के दौरान दुर्व्यवहार करने, या

iv) अपनी उम्मीदवारी के लिए सिफारिश का सहारा लेने सहित अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनियमित या अनुचित साधन का सहारा लेने, अथवा किसी भी तरीके से अपनी उम्मीदवारी के लिए मदद लेने वाले उम्मीदवार न केवल आपराधिक मुकदमे बल्कि निम्नलिखित के भी अधीन होंगे,

क. वे जिस चयन प्रक्रिया के लिए उम्मीदवार है उसके लिए उन्हें अयोग्य कर दिया जाएगा।

ख. उन्हें वित्तीय सेवा संस्था ब्यूरो द्वारा संचालित किसी भी भर्ती प्रक्रिया हेतु या तो स्थायी रूप से या फिर एक निश्चित अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा।

## 4. सामान्य पात्रता

चुने गए उम्मीदवारों की नियुक्ति डाक्टर द्वारा अथवा डाक्टरों के पैनल द्वारा मेडिकल रूप से फिट घोषित किए जाने की शर्त के आधार पर होगी।

इसके अलावा, चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति अनुमेय संविधियों और दिशानिदेशों की शर्तों के अनुसार इस पद के लिए अन्य आवश्यक्ताओं को पूरा करने की शर्त के अधीन होगी।

**5. सामान्य अनुदेश**

i. आवेदन किए जा रहे पद के लिए उम्मीदवारों को अपनी पात्रता के बारे में स्वयं को संतुष्ट कर लेना चाहिए।

ii. साक्षात्कार के लिए आने से पहले उम्मीदवारों से अपेक्षित है कि वित्तीय सेवा संस्था ब्यूरो के साथ अप्रकटीकरण करार निष्पादित करें।

iii. अभ्यर्थियों को एफएसआईबी द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त बाहरी एजेंसियों द्वारा पृष्ठभूमि/पात्रता जांच और योग्यता मूल्यांकन से गुजरना पड़ सकता है।

iv. चयनित उम्मीदवारों को कार्यभार ग्रहण करने से पहले अपने वर्तमान नियोजन से त्यागपत्र देना/सेवानिवृत्त होना/ कार्यमुक्त होना आवश्यक होगा।

v. चयन हो जाने पर उम्मीदवारों से अपेक्षित होगा कि पदभार ग्रहण करने के समय अपने नियोक्ता से उचित सेवामुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें।

vi. उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से काफी पहले आवेदन पत्र भरें और आवेदन पत्र के अनुसार आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें और अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें।

vii. एफएसआईबी के नियंत्रण से परे के कारणों सहित किसी भी कारण से अंतिम तारीख से पहले आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाने वाले अभ्यर्थियों के प्रति एफएसआईबी कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।

viii. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अपनी ई-मेल आईडी को सक्रिय रखें ताकि उन्हें कॉल लैटर / साक्षात्कार की तारीखों की सूचना प्राप्त होती रहे।

ix. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करते समय लागू आचरण और सेवा नियमावली की शर्तों के अधीन होगी।

x. इस विज्ञापन के कारण और/ अथवा इसके संदर्भ में प्राप्त किसी भी आवेदन के कारण होने वाले किसी भी दावे या पैदा होने वाले किसी भी विवाद के मामले में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई को केवल मुम्बई में ही दायर किया जा सकेगा और किसी भी वाद/मुकदमे की सुनवाई हेतु एकमात्र अधिकारक्षेत्र केवल मुम्बई स्थित न्यायालयों/अधिकरणों/फोरम का ही रहेगा।

**6. घोषणाएं**

इस प्रक्रिया के बारे में सभी आगामी घोषणाएं /विवरण केवल हमारी आधिकारिक वेबसाइट https://fsib.org.in/ पर ही समय-समय पर प्रकाशित/प्रदान किए जाएंगे।

## 7. कोई दावा नहीं

यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है/करती है, और/अथवा उसने कोई गलत/मिथ्या जानकारी दी है अथवा कोई महत्त्वपूर्ण तथ्य छिपाया है तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी। यहां तक कि नियुक्ति के बाद भी इनमें से कोई कमी पाई जाती है तो उसकी सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं । उम्मीदवारों की पात्रता, अन्य परीक्षणों और चयन से संबंधित सभी मामलों में एफएसआईबी के निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होंगे। इस बारे में एफएसआईबी किसी प्रकार का अभ्यावेदन या पत्राचार स्वीकार नहीं करेगा।

**सचिव**
**वित्तीय सेवा संस्था ब्यूरो**


+91-22-2302 8454 secretariat@fsib.org.in https://fsib.org.in @FSI_Bureau

**अनुलग्नक – 1**
**सारवृत्त का प्रारूप**
**केनरा बैंक में एमडी एवं सीईओ हेतु आवेदन**

**फोटोग्राफ**

| | | |
|---|---|---|
| **1** | नाम | |
| **2** | वर्तमान पदनाम | |
| **3** | वर्तमान संगठन | |
| **4** | जन्मतिथि | |

शैक्षणिक अर्हता

| डिग्री | विश्वविद्यालय / संस्थान | प्रमुख विषय |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

**निजी क्षेत्र से सम्बद्ध अभ्यर्थियों हेतु** – 1 जनवरी 2026 को न्यूनतम 21 वर्ष के अनुभव का विवरण जिसमें 15 वर्ष का बैंकिंग का अनुभव हो।
**सरकारी क्षेत्र के बैंकों से सम्बद्ध अभ्यर्थियों हेतु** – सम्पूर्ण कैरियर का विवरण जिसमें 1 जनवरी 2026 को बैंकिंग में 21 वर्ष का अनुभव शामिल है।

| तारीख से **(DD/MM/YYYY)** | तारीख तक **(DD/MM/YYYY)** | संस्थान | पदनाम | अनुभव का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

**निजी क्षेत्र से सम्बद्ध अभ्यर्थियों हेतु** – बैंक में 1 जनवरी 2026 को बैंक में बैंक बोर्ड स्तर पर न्यूनतम 2 वर्ष अथवा बैंक बोर्ड स्तर के अधीन उच्चतम स्तर पर न्यूनतम 3 वर्ष के अनुभव का विवरण –

| तारीख से **(DD/MM/YYYY)** | तारीख तक **(DD/MM/YYYY)** | संस्थान | पदनाम | अनुभव का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

तारीख :
स्थान :

नाम और हस्ताक्षर


+91-22-2302 8454 secretariat@fsib.org.in https://fsib.org.in @ FSI_Bureau

## अनुलग्नक 2

## घोषणा हेतु फार्म

## केनरा बैंक में एमडी एवं सीईओ के पद हेतु स्व- घोषणा

| | |
|---|---|
| **आवेदक का नाम (आधिकारिक अभिलेखों के अनुसार)** | |
| **आवेदक का पदनाम (पूरा नाम)** | |
| **संस्था का नाम** | |
| **वर्तमान संस्था में कार्यग्रहण करने की तारीख** | |

(क) सिविल/आपराधिक/विभागीय जांच के संबंध में क्या आवेदक को कोई दंड/सजा दी गई?

| हां | नहीं |
|---|---|

यदि हां, तो उसका विवरण

| क्रमांक | दंड / सजा की तारीख | दंड का प्रकार (प्रमुख/ गौण) | दिए गए दंड का विवरण | मामले का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

- दिए गए प्रमुख दंड के लिए कृपया सम्पूर्ण कैरियर को समयावधि के रूप में लिया जाए।
- दिए गए गौण दंड के लिए कृपया 10 वर्ष की समयावधि को लिया जाए।

क्या आवेदक की जानकारी में उसके विरुद्ध कोई सिविल या आपराधिक या विभागीय जांच चल रही है?

| हां | नहीं |
|---|---|

यदि हां, तो उसका विवरण

| क्रमांक | जांच की तारीख | जांच का प्रकार (सिविल/आपराधिक/विभागीय) | मामले का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

2. मैं प्रमाणित करता हूं कि भारतीय कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 अथवा किसी अन्य धारा के अधीन मुझे निदेशक के रूप में कार्य करने के लिए अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

मैं घोषणा करता हूं कि जहां भी लागू है मेरे द्वारा दिए गए विवरण मेरे पूर्ण विश्वास और जानकारी के अनुसार सत्य हैं।

तारीख : (आवेदक का नाम और हस्ताक्षर)



+91-22-2302 8454 secretariat@fsib.org.in https://fsib.org.in @FSI_Bureau

सक्षम प्राधिकारी (*मुख्य सतर्कता अधिकारी / संस्था प्रमुख / एचआर प्रमुख*) द्वारा भरे जाने के लिए
*(यदि आवेदक सरकारी / अर्द्धसरकारी कार्यलयों / सरकारी क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत है तो यह लागू होगा)*

प्रमाणित किया जाता है कि उक्त विवरणों की जांच की गई है और आधिकारिक अभिलेखों के अनुसार इन्हें सही पाया गया है।

हस्ताक्षर
नाम, पदनाम और आधिकारिक सील

*कृपया हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकारी की ईमेल आईडी और फोन नम्बर / मोबाइल नम्बर दिया जाए।*

*ईमेल :* ________________________________

*फोन :* ________________________________

विंत्तीय सेवा संस्था ब्यूरो

FINANCIAL SERVICES INSTITUTIONS BUREAU

**Invites applications for the position of**

# Managing Director & Chief Executive Officer in Canara Bank

Financial Services Institutions Bureau (FSIB) invites applications from qualified candidates for the position of Managing Director & Chief Executive Officer (MD & CEO) in Canara Bank on full-time basis. The previous advertisement published for this position on June 23, 2025 stands cancelled. Candidates who had applied earlier, must submit fresh applications, upon satisfying themselves about the eligibility criteria and other conditions.

Interested candidates who fulfil the eligibility criteria may apply online on https://fsib.org.in/.

Or directly through the link https://www.research.net/r/canarabankmdceo-re2025

**The Last date for submitting the completed online application is November 20, 2025 by 5:00 pm IST.** Before applying, candidates are advised to ensure that they fulfil the stipulated eligibility criteria. This advertisement contains the following details:

| Section | Section Title | Details in Section |
|---|---|---|
| A | Job Profiles and competency / Skill Requirement | Details on role of post of MD & CEO, along with the desired competency/ skill for execution of said role, have been provided. |
| B | Eligibility Criteria | Details on the eligibility criteria such as age and requisite experience have been provided. |
| C | Tenure & Remuneration | The tenure and remuneration for the position has been provided. |
| D | Selection Procedure | Brief on selection procedure has been provided. |
| E | Application Guidelines | Guidelines on application submission and other general instructions have been provided. |

## A. Job profiles and competency/skill requirement

The Managing Director & Chief Executive Officer (MD & CEO) is a member of and simultaneously reports to the Board of Directors. The MD & CEO is responsible for the overall strategic and operational performance of the Bank and the achievements of the Bank's Growth and Profitability agenda. The MD & CEO is also responsible for the day-to-day operations of the Bank.

The MD & CEO's responsibility also extends to the effective management of the enterprise in fulfilment of the declared objectives and within the framework of the policy laid down by the Board. This is an executive responsibility which is summarized in the following major items:

**Duties & Responsibilities:**

**(i) To establish vision, mission, and values in consultation with Board of Directors**

- To determine the bank's vision and mission to guide and set the pace for its current operations and future development.
- To determine the values to be promoted throughout the organisation.
- To determine and review organisation's goals.
- To determine bank's policies.

**(ii) To set strategy and structure**

- To review and evaluate present and future opportunities, threats and risks in the external environment and current and future strengths, weaknesses and risks relating to the organisation.
- To determine strategic options, select those to be pursued, and decide the means to implement and support them.
- To determine the business strategies and plans that underpin the corporate strategy.
- To ensure that the organisational structure and capability are appropriate for implementing the chosen strategies.

**(iii) To monitor and control**

- To delegate authority to management, and monitor and evaluate the implementation of policies, strategies and business plans.
- To determine monitoring criteria to be used by the Board.

- To ensure that internal controls are effective.
- To communicate with senior management.

**(iv) To exercise accountability to shareholders and responsibility towards the stakeholders**

- To understand and take into account the interests of shareholders and other stakeholders.
- To monitor relations with shareholders and other stakeholders by gathering and evaluation of appropriate information.
- To promote the goodwill and support of shareholders and other stakeholders
- Responsible for ensuring that proper books of account are kept.
- Must act in good faith in what they honestly believe to be the best interests of the bank, and not for any collateral purpose.
- Must act with due skill and care.
- Must consider the interests of employees of the bank.
- Clarifying Board and Management responsibilities;
- Planning and managing Board and Board Committee meetings;
- Developing the effectiveness of the Board.

Any other responsibilities/duties assigned by the Board from time to time.

## B. Eligibility criteria

1. **Age:** The applicant should have minimum 45 years of age and 3 years of residual service [1][treating 60 years as the date of superannuation] as on the date of vacancy of the post i.e. January 1, 2026.

2. **Educational Qualifications:** The applicant must hold a Graduate degree of any of the Universities incorporated by an Act of the Central or State Legislature in India or other educational institutions established by an Act of Parliament or declared to be deemed as a University under Section 3 of the University Grants Commission Act 1956 or possess an equivalent qualification.

[1] Separate residual service criteria for candidates eligible under Para B (3) (b) (iii)

3. **Experience/Service requirement** (as on the date of vacancy of post i.e. January 1, 2026)**:**
   a) **For candidates from Private Sector** : The applicant must have minimum 21 years of experience, with at least 15 years of banking experience with :
      i. at least 2 years at the bank board level in bank, or
      ii. at least 3 years at the highest level below bank board level (to be held on substantive basis)
   b) **For candidates from Public Sector Banks only** : The applicant must have minimum 21 years of experience in banking and as :
      i. Deputy Managing Directors (DMDs) of the State Bank of India (SBI) with at least one year of service as DMD, or
      ii. The Executive Directors (EDs) of Nationalized banks with at least one year of service as ED, or
      iii. MD & CEO of a Nationalized Bank with at least one year as MD & CEO in the present posting and having residual service of 2 years [treating 60 years as the date of superannuation]
      iv. Chief Vigilance Officer (CVO) of Public Sector Bank except CVO of Canara Bank.

4. **Penalty:**

   Candidates from Public Sector Banks with two or more major penalties imposed in their career, shall not be eligible to apply for the position.

## C. Tenure & Remuneration

The term of office shall be as per paragraph 8(1) of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970 and 1980 and the age of superannuation shall be 60 years.

The post of MD & CEO, Canara Bank carries Pay Scale of ₹2,05,400 - ₹2,24,400/- [Level 16] plus allowances as admissible to Chief Executive of Public Sector Banks from time to time.

## D. Selection procedure

Selection will be based on Shortlisting and Personal Interview. Applications received shall be scrutinised and shortlisted for interview based on experience and eligibility conditions. Final selection of the candidates will be done by the Financial Services Institutions Bureau (FSIB).

## E. Application guidelines

### 1. Application Procedure

All applicants are required to apply **online only** by submitting the details and scanned copies of the relevant documents. The link is available on the FSIB website https://fsib.org.in/ under "Vacancies & Recommendations" tab or directly be clicking on https://www.research.net/r/canarabankmdceo-re2025

*PLEASE DO NOT SUBMIT MULTIPLE APPLICATIONS. IN CASE OF MULTIPLE APPLICATIONS, THE LAST SUBMITTED APPLICATION WILL ONLY BE CONSIDERED BASED ON THE DATE/TIME OF SUBMISSION. IN SUCH CASES, NO PART OF THE EARLIER SUBMITTED APPLICATIONS INCLUDING UPLOADS SHALL BE CONSIDERED.*

### 2. Documents

The following documents shall mandatorily be uploaded in the online application form under the relevant sections, failing which the application will be treated as incomplete and will be rejected:

i) Resume only in the format provided in the application form (Annex 1).

ii) Self-Declaration of vigilance profile of candidate (Annex 2)

iii) Candidates serving in Government / quasi Government offices/ Public Sector Undertakings (including Public Sector Banks and Financial Institutions) are required to upload a "No Objection Certificate" from their employer.

The following documents along with the above mentioned documents in original, may be called for by the FSIB, the same may be kept in readiness.

iv) Photo Identify Proof such as Passport/ Aadhaar/ e-Aadhaar Card/ PAN Card/ Driving Licence/ Voter's Card.

v) Mark sheets & certificates for educational qualifications

vi) Work Experience: Documentary proofs such as Experience Certificates from past and current employers, Appointment letters, Relieving Letters, Pay or Salary Slips to verify the date of joining and relieving, designation at the time of joining, date of promotion with designation, if any.

vii) Any other relevant documents in support of eligibility.

**3. Action against candidates found guilty of misconduct**

Candidates are advised in their own interest that they should not furnish any particulars/ details/ information or make statements that are false, incorrect, tampered, fabricated and should not conceal or suppress any material information while filling up the application form and submitting the attested copies of testimonials. In case it is detected at any time that the candidate has indulged in any of the above-mentioned activities, he/ she will not only be disqualified, but he/ she will also be liable to be dismissed from the services of Canara Bank at any time, even after being selected and after joining Canara Bank in service. At the time of Interview, if a candidate is (or has been) found guilty of:

i) Using unfair means during the selection process, or

ii) Impersonating or procuring impersonation by any person, or

iii) Misbehaving in the Personal Interview, or

iv) Resorting to any irregular or improper means in connection with his/ her candidature, including resorting to canvassing for his/ her candidature, or obtaining support for his/ her candidature, by any means, such a candidate may, in addition to rendering himself/ herself liable to criminal prosecution, shall also be liable:

a. To be disqualified from the selection process for which he/ she is a candidate.

b. To be debarred, either permanently or for a specified period, from any recruitment conducted by Financial Services Institutions Bureau.

**4. General eligibility**

The appointment of selected candidates may be subject to their being declared medically fit by a doctor or a panel of doctors.

Further, the appointment of selected candidates shall be subject to meeting all the other requirements for the position in terms of applicable statutes and guidelines.

**5. General instructions**

i. Candidates should satisfy themselves about their eligibility for the position applied for.

ii. Candidates may be required to execute a Non-Disclosure Agreement with the Financial Services Institutions Bureau prior to appearing for interactions.

iii. Candidates may be required to undergo background/eligibility check and competency assessment by external agencies engaged by FSIB for the purpose.

iv. The selected candidates shall be required to resign/ retire from and be relieved from their current employment before joining the position.

v. In case of selection, candidates may be required to produce proper discharge certificate from the employer at the time of taking up the appointment.

vi. Candidates are advised in their own interest to fill in the application form and upload the necessary documents as per the application form much before the closing date and not to wait till the last date.

vii. FSIB does not assume any responsibility for the candidates not being able to submit their applications within the last date on account of any reasons including reasons beyond the control of FSIB.

viii. Candidates are advised to keep their e-mail ID active for receiving communications, viz. Call Letters/ Interview date advices etc.

ix. Appointment of selected candidate is subject to the service and conduct rules in force at the time of joining.

x. Any legal proceedings in respect of any matter of claim or dispute arising out of this advertisement and/ or an application in response thereto can be instituted only in Mumbai and courts/ tribunals/ forums at Mumbai only shall have sole and exclusive jurisdiction to try any cause/dispute.

## 6. Announcements

All further announcements/ details pertaining to this process will only be published/ provided on our official website https://fsib.org.in/ from time to time.

## 7. Disclaimer

In case, it is detected at any stage of recruitment that a candidate does not fulfil the eligibility norms and / or that he / she has furnished any incorrect / false information or has suppressed any material fact(s), his /her candidature will stand cancelled. If any of these shortcomings is / are detected even after appointment, his /her services are liable to be terminated. Decisions of FSIB in all matters regarding eligibility, other tests and selection would be final and binding on all candidates. No representation or correspondence will be entertained by FSIB in this regard.

**Secretary**
**Financial Services Institutions Bureau**

# Annex 1
## Resume Format
## Application for the position of MD & CEO, Canara Bank

| Photograph |
|---|

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **Name** | |
| 2 | **Present Designation** | |
| 3 | **Present Organisation** | |
| 4 | **Date of Birth** | |

**Educational Qualification**

| Degree | University / Institution | Major Subjects |
|---|---|---|
| | | |

**For candidates from Private Sector:** Details of minimum 21 years of experience with at least 15 years of banking experience, as on January 01, 2026
**For candidates from Public Sector Banks:** Details of entire career including 21 years of experience in banking, as on January 01, 2026

| Date from (in DD/MM/YYYY) | Date To (in DD/MM/YYYY) | Institution | Designation | Details of experience |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

**For candidates from Private Sector:** Details of at least 2 years of experience at the bank board level in bank, or at least 3 years of experience at the highest level below bank board level (held on substantive basis), as on January 01, 2026

| Date from (in DD/MM/YYYY) | Date To (in DD/MM/YYYY) | Institution | Designation | Details of experience |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

Date:
Place: Name and signature

# Annex 2
## Declaration Form

Self-Declaration for the position of MD & CEO, Canara Bank

| | |
|---|---|
| **Applicant's Name (as per official records):** | |
| **Designation of the Applicant (in full):** | |
| **Name of the Organisation:** | |
| **Date of Joining the Current Organisation:** | |

1. (a) Whether any penalty/punishment was awarded to the applicant in respect of civil/criminal/department inquiry?

| | |
|---|---|
| Yes | No |

If yes, the details thereof

| S.no. | Date of penalty/punishment | Nature of penalty (Major/Minor) | Details of the penalty awarded | Brief details of the case |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

- For major penalty imposed, please consider entire career as duration
- For minor penalty imposed, please consider last 10 years as duration

(b) Whether any civil or criminal action or departmental inquiry is going on against the applicant as far as his / her knowledge goes

| | |
|---|---|
| Yes | No |

If yes, the details thereof

| S.no. | Date of inquiry | Nature of inquiry (Civil/Criminal/Departmental) | Brief details of the case |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

2. I certify that I have not been disqualified to act as a Director under Section 164 or any other relevant sections of the Indian Companies Act, 2013.

I declare that the details furnished by me wherever applicable are true to the best of my knowledge & belief.

Date: (Name & Signature of the Applicant)

To be filled by the Competent Authority *(Chief Vigilance Officer / Head of Organisation / Head of HR)*
*(Applicable in case of the applicants serving in Government / quasi-Government offices/ Public Sector Undertakings including Public Sector Banks and Financial Institutions)*

It is certified that the particulars furnished above have been scrutinized and found to be correct as per official records.

Signature
Name, Designation & Official Seal

*Please provide email ID and Phone number / Mobile number of the signing authority*

*Email:* ___________________________________

*Phone:* ___________________________________